प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 09.07.2021

दिनांक 07/08.07.2021 की रात्रि में थानाक्षेत्र सांगीपुर के ग्राम तारापुर में हुए मदार यादव हत्याकाण्ड से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

दिनांक 07/08.07.2021 की रात्रि में थानाक्षेत्र सांगीपुर के ग्राम तारापुर में जमीनी विवाद में एक व्यक्ति मदार यादव उर्फ देवतादीन यादव उम्र करीब 90वर्ष नि0 तारापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ की धारदार हथियार से गले पर वार कर हत्या कर दी गई थी। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर थाना सांगीपुर पर मु0अ0सं0 153/21 धारा 147, 302, 34 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 09.07.2021 को प्रभारी निरीक्षक सांगीपुर श्री तुषार दत्त त्यागी मय हमराह द्वारा थानाक्षेत्र के तारापुर से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 अभियुक्ताओं 01. केवला पत्नी जगन्नाथ कोरी 2. सीता पत्नी बनवारी निवासीगण ग्राम तारापुर थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ को तारापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियोग से सम्बन्धित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण –

1. केवला पत्नी जगन्नाथ कोरी नि0 ग्राम तारापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।
2. सीता पत्नी बनवारी नि0 ग्राम तारापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़

पुलिस टीम –

प्रभारी निरीक्षक श्री तुषार दत्त त्यागी, आरक्षी कुलदीप यादव, आरक्षी शिवशंकर यादव, म0आरक्षी कविता भदौरिया व म0आरक्षी मानसी थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।

04 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद के थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 श्री अरूण कुमार सिंह मय हमराह व स्वाट प्रभारी श्री अमरनाथ राय मय टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के रामलीला ग्राउण्ड अण्डर पास के पास से एक व्यक्ति विद्याभूषण मिश्रा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दुबे नि0 कादीपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को 04 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा व 1680–/ रू0 नगद के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 582/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

01 विद्याभूषण मिश्रा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दुबे नि0 कादीपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी–

01. 04 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा।
02. 1680/– रू0 नगद।

पुलिस टीम–

- उ0नि0 श्री **अरूण कुमार सिंह** मय हमराह थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।
- स्वाट प्रभारी श्री अमरनाथ राय मय स्वाट टीम जनपद प्रतापगढ़।

दिनांक 09.07.2021